2024/120

राजस्थान सरकार

( कायदा – 129 )

जनरल रूल्स सिविल रूल्स 129 अपेन्डेंक्स फार्म नंबर 8 के

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, बिजौलिया जिला – भीलवाड़ा (राज.)

| किस्म मुकदमा<br>1 | नंबर मुकदमा<br>2 | तारीख दायर<br>3 | तारीख फैसला<br>4 | पेशी दिनांक<br>5 |
|---|---|---|---|---|
| 111-128 | 51/24 | 11/3/2024 | Atd 29/4/24 | 15/4/2024 |

अनवान

श्री कैला d/o हीरा जाति रैगर

निवासी पचानपुरा तह० बिजौलिया

अधिवक्ता वादी / प्रार्थी /अपीलान्ट

डिक्रीदार

श्री रामफूल धाकड़

श्री सुगना s/o हजारी जाति गुर्जर

निवासी राखेली तह. बिजौलिया

अधिवक्ता प्रतिवादी / विपक्षी / रेस्पोडेंट

मदयून

श्री ..........

# FORM NO. III

## फर्द अहकम

(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी मुकाम बिजौलियां

: केला बनाम सुगना

किस्म मुकदमा – 111–128 नम्बर 5/ /2024

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 11/3/2024 | प्रार्थना पत्र सीधे से बाद जांच पेश हुआ। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को नोटिस मय नकल प्रार्थना पत्र जारी हो। पत्रावली वास्ते तलबी/जवाब दिनांक 15/4/2024 को पेश हो।<br>(हस्ताक्षर)<br>उपखण्ड अधिकारी<br>बिजौलियां | |
| 15/4/24 | पत्रावली पेश हुई। अभिभाषक वादी/प्रतिवादी उपस्थित श्रीमान P.O. सा. दौरे पर हैं। पत्रावली दिनांक 23/4/24 को वास्ते उचित मा पेश हो।<br>(हस्ताक्षर) उप खण्ड अधिकारी | |
| 23/4/24 | पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। विपक्षीगण बाद सूचना अनुपस्थित। विपक्षीगण के विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही के आदेश पारित किए गए, जिन्हें शामिल पत्रावली किया गया। पत्रावली आगामी दिनांक 29/04/24 को वास्ते निर्णय पेश हो।<br>(हस्ताक्षर)<br>उप खण्ड अधिकारी<br>बिजौलियां जिला-भीलवाड़ा | |
| 29/04/24 | पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। पत्रावली में आदेश पारित किए गए, एवं खुले न्यायालय में सुनाए गए। पत्रावली फैसल शुमार होकर, नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।<br>(हस्ताक्षर)<br>उप खण्ड अधिकारी<br>बिजौलियां जिला-भीलवाड़ा | |

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

तारीख 11/3/24

प्रकरण संख्या :- 51/24

केला पुत्र हीरा जाति रेगर उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी पचानपुरा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)

............प्रार्थी

**बनाम**

01. सुगना पुत्र हजारी जाति गुर्जर उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी राखोली तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)
02. बालू पुत्र कन्हैयालाल जाति धाकड उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी चांदजी की खेडी तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)
03. घीसा पुत्र गुलाब जाति गुर्जर उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी राखोली तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)

.............विपक्षीगण

## प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 – 128 रा0ले0रे0एक्ट

**–: आदेश :–**

दिनांक: 29/4/24

प्रार्थना पत्र **केला पुत्र हीरा जाति रेगर निवासी पचानपुरा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)** ने जरिये अभिभाषक **श्री रामफूल धाकड** प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते **ग्राम राखोली पटवार हल्का चांदजी की खेडी तहसील बिजौलियाँ की सरहद में स्थित खाता संख्या 22 पर अंकित आराजी संख्या 459/380 रकबा 0.3237 हैक्टैयर, आराजी संख्या 463/380 रकबा 0.3237 हैक्टैयर कुल किता 02 रकबा 0.6474 हैक्टैयर भूमि** पर विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगडा करते है। अतः पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावें साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथपत्र संलग्न है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया। प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई और पत्रावली का अवलोकन किया गया।

पत्रावली में संलग्न जमाबन्दी सम्वत 2073–2076 के अवलोकन से प्रार्थी वादग्रस्त आराजीयात का खातेदार काश्तकार है। पड़ौसियान के विवाद करने बाबत् शपथपत्र संलग्न है। पत्थरगढ़ी से किसी के स्वत्व पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। भू–अभिलेख निरीक्षक **सलावटिया** को पत्थरगढ़ी बाबत् कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। कमीश्नर फिस वक्त मौका प्रार्थी अदा करें।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेवेन्यु एक्ट स्वीकार किया जाकर **ग्राम राखोली पटवार हल्का चांदजी की खेडी तहसील बिजौलियाँ की सरहद में स्थित खाता संख्या 22 पर अंकित आराजी संख्या 459/380 रकबा 0.3237 हैक्टैयर, आराजी संख्या 463/380 रकबा 0.3237 हैक्टैयर कुल किता 02 रकबा 0.6474 हैक्टैयर भूमि** बशामलात पड़ौसियान के पत्थरगढ़ी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढ़ी शुल्क राशि 100/– रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियाँ को लिखा जावें।

प्रार्थना पत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हो।

आदेश सुनाया गया

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियां

उप खण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

तारीख 29/5/24

प्रकरण संख्या – 51/24

प्रेषिति :–

तहसीलदार
बिजौलियाँ

विषय :–प्रकरण संख्या .........51........./ 2024 पत्थरगढ़ी बाबत्।

केला पुत्र हीरा जाति रेगर उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी पचानपुरा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)

............प्रार्थी

**बनाम**

01. सुगना पुत्र हजारी जाति गुर्जर उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी राखोली तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)
02. बालू पुत्र कन्हैयालाल जाति धाकड उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी चांदजी की खेडी तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)
03. घीसा पुत्र गुलाब जाति गुर्जर उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी राखोली तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)

.............विपक्षीगण

उपर्युक्त विषयान्तर्गत अनवानी प्रकरण में आदेश होकर लेख है कि **ग्राम राखोली पटवार हल्का चांदजी की खेडी तहसील बिजौलियाँ की सरहद में स्थित खाता संख्या 22 पर अंकित आराजी संख्या 459/380 रकबा 0.3237 हैक्टैयर, आराजी संख्या 463/380 रकबा 0.3237 हैक्टैयर कुल किता 02 रकबा 0.6474 हैक्टैयर भूमि** की बशामलात पडौसीयान के पत्थरगढ़ी की जावें। मौके पर पत्थरगढ़ी के दौरान कब्जा किसी अन्य का पाया जावे तो जरिये पत्थरगढ़ी कब्जा नही हटाया जावे तथा समक्ष न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने हेतु सूचित करें। आदेश पत्थरगढी हेतु भू–अभिलेख निरीक्षकर **सलावटिया** कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। कमीश्नर फीस वक्त मौका प्रार्थी अदा करे। पत्थरगढी करने से पहले विपक्षीगणों एवं पडोसियान को सुचित करते हुए पत्थरगढी करें। पत्थरगढ़ी कर पालना रिपोर्ट 20 दिन में आवश्यक रूप से प्रस्तुत करे।

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ